B. Com - III

By Dr. Manoj Kumar

(Cash Flow Statement)

- रोकड़ - प्रवाह विवरण -

रोकड़ कार्यशील पूँजी का एक भाग होती है। किन्तु कोष-प्रवाह विवरण द्वारा रोकड़ मे परिव... के कारण नही जान सकते। कईबार ऐसा होता है कि व्यापार मे अच्छी बिक्री हो रही है फिर भी रोकड़ की कमी दिखाई देती है। ऐसे मे रोकड़ की कमी के कारणो का पता लगाने के लिये जो विवरण-पत्र बनाया जाता है उसे रोकड़ प्रवाह विवरण (Cash Flow Statement) कहते है। इस प्रकार रोकड़ प्रवाह विवरण द्वारा एक अवधि विशेष के दौरान रोकड़ प्राप्ति के स्त्रोत तथा रोकड़ भुगतान के साधनों का अध्ययन किया जाता है।

रोकड़ प्रवाह विवरण का अर्थ —
(Concept of Cash Flow Statement)

रोकड़ प्रवाह विवरण ऐसा विवरण है जो किसी व्यावसायिक संस्था के दो स्थिति विवरणो (चिट्ठो) के बीच की अवधि में रोकड़ प्राप्ति के विभिन्न स्त्रोतो तथा रोकड़ भुगतान के विभिन्न साधनो को स्पष्ट करता है

इस प्रकार अवधि के प्रारम्भ तथा अन्त में रोकड़ के शेषो में हुये परिवर्तनो के कारणो को स्पष्ट करता है

<u>संशोधित एकाउटिंग स्टैण्डर्ड–3</u> (Revised AS-3) <u>के अनुसार</u> – रोकड़ प्रवाह विवरण किसी विशेष अवधि के दौरान फर्म की संचालन, विनियोग तथा वित्तीय क्रियाओ के परिणाम स्वरूप हुई रोकड़ प्राप्तियों, रोकड़ भुगतानों और रोकड़ तथा रोकड़ तुल्यों मे हुये शुद्ध परिवर्तनों (वृद्धि अथवा कमी) का सारांश है। –

इस प्रकार रोकड़ प्रवाह विवरण संस्था की एक अवधि विशेष में तरलता स्थिति मे हुये परिवर्तनो की व्याख्या करने वाला विवरण है। रोकड़ प्रवाह विवरण में केवल उन्ही मदो को सम्मिलित किया जाता है जो रोकड़ को प्रभावित करती है यही कारण है कि इसे वित्तीय स्थिति मे हुये परिवर्तनो का विवरण – रोकड़ आधार (Statement of Changes in Financial Position on Cash Base) और कोष प्रवाह विवरण – रोकड़ आधार (Fund Flow statement – Cash Base) के नाम से भी पुकारा जाता है।

रोकड़ प्रवाह विवरण के उद्देश्य —
(Objects of Cash-flow Statement)

1. रोकड़ स्थिति का विश्लेषण
(Analysis of Cash Position)
2. रोकड़ बजट बनाने मे सहायक
(Useful in Preparing Cash Budget)
3. अल्पकालीन वित्तीय नियोजन मे सहायक
(Helpful in short-term Financial Planning)
4. विभिन्न क्रियाओं से रोकड़ प्रवाह का ज्ञान
(Knowledge of Cash flow from various Activities)
5. तरलता तथा शोधनक्षमता की जानकारी
(Knowledge of Liquidity and Solvency)
6. लाभांश सम्बन्धी निर्णय मे सहायक
(Helpful in Making Dividend Decision)
7. भविष्य के अनुमान मे सहायक
(Helpful in Forecasting)
8. प्रबन्धकीय निर्णयों की जाँच
(Test for the Managerial Decisions)
9. बाह्य पक्षों के लिये उपयोगी
(Useful to outsiders)

Scanned with CamScanner

रोकड़ प्रवाह विवरण का वर्गीकरण
(Classification of Cash Flow Statement)

लेखांकन प्रमाप–3 (AS-3) के अन्तर्गत रोकड़ प्रवाह विवरण का जो प्रारूप निर्धारित किया गया है उसके अनुसार रोकड़ प्रवाह विवरण को तीन भागो मे विभाजित किया गया है।

① परिचालन क्रियाओ से रोकड़ प्रवाह (Cash flow from Operating Activities)

इसके अन्तर्गत उन क्रियाओ को सम्मिलित किया जाता है जिनके कारण उत्पन्न हुये रोकड़ प्रवाहों को व्यवसाय के शुद्ध लाभ-हानि के निर्धारण मे शामिल किया जाता है।

② विनियोगी क्रियाओ से रोकड़ प्रवाह (Cash Flow from Investing Activities)

इसके अन्तर्गत उन क्रियाओ को सम्मिलित किया जाता है जो उपक्रम द्वारा अन्य संस्थाओ मे अपने धन के उस विनियोजन से लगाया जाता है जो रोकड़ तुल्य नहीं है बल्कि दीर्घकालीन है।

③ वित्तीय क्रियाओ से रोकड़ प्रवाह (Cash flow from Financial Activities)

इसके अन्तर्गत उन क्रियाओ को सम्मिलित किया जाता है जो पूँजी एवं ऋण प्रदान करने वाले रोकड़ के प्रवाहों में परिवर्तन से सम्बन्धित होती है।

Scanned with CamScanner